तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार, 21 दिसंबर 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गुकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 पूर्व सैनिकों व परिजनों की बेहतरी के लिए प्रशासन...



12 पैराडाइज स्कूल के छात्रों ने किया पोस्ट ऑफिस...



## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय कबड्डी स्पर्धा का शुभारंभ



**बनसागर**। विकासखंड नरहरपुर के ग्राम बनसागर में शहीद वीर नारायण सिंह युवा कबड्डी समिति बनसागर के द्वारा आयोजित दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ जनपद सदस्य एवं कृषि विकास समिति की सभापति कांति पटेल एवं सरपंच पुष्पा वट्टी की उपस्थिति में हुआ। अतिथियों ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल बहुत जरूरी है, खेल से तन मन का विकास होता है, भाई चारा बढ़ता है। इस अवसर पर ग्राम से लक्ष्मण सिंह वट्टी, जम्मूलाल कुंजाम, बुद्धूराम सुरोजिया, मिलकराम, रमेश साहू, रामकृष्ण पटेल, फरसु नेताम, अहलू सलाम, विजय नेताम, पुष्पा पटेल, रजनी नेताम, सुरेखा नेताम, सुनीता नेताम, मिलाप कावड़े,समीर व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### उद्यानिकी मित्रों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



**चारामा**। कृषि विज्ञान केन्द्र सिंगारभाट में जिले के विकासखण्ड नरहरपुर के 40 एवं चारामा के 40 इस प्रकार 80 उद्यानिकी मित्रों को चिराग परियोजना अंतर्गत प्रथम चरण का पांच दिवसीय तक आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सहायक संचालक उद्यानिकी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान उद्यानिकी मित्रों को न्यूट्रीशन, सपोर्टिव एण्ड रिसिलिएंट हॉर्टिकल्चर के विषय में विस्तृत जानकारी दी जा रही है और साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ द्वारा पोषण बाड़ी, जैविक खेती, सूक्ष्म सिंचाई, नर्सरी प्रबंधन, बीजोपचार एवं उद्यानिकी फसलों के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### शिक्षकों का मिला इको क्लब प्रशिक्षण



**नरहरपुर**। शालाओं में प्लास्टिक साक्षरता एवं इको क्लब के अंतर्गत पोषण वाटिका विकसित करने माध्यमिक शालाओं में इको क्लब के नोडल शिक्षकों का विकासखंड स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण 16 एवं 17 दिसंबर को खंड स्त्रोत केंद्र नरहरपुर में आयोजित किया गया। शुभारंभ के अवसर पर बीईओ कीर्ति कुमार साहू एवं एबीईओ क्षमा सोनेल की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर तुलसीराम शोरी, कुन्दन साहू, सियाराम निषाद, पुरुषोत्तम जैन एवं जितेंद्र कुमार ध्रुव के द्वारा विकासखंड के माध्यमिक शालाओं से 83 यूथ एवं इको क्लब को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें प्रशिक्षण का प्रथम दिवस प्लास्टिक साक्षरता पर आधारित था, जिसमें प्लास्टिक के दुष्प्रभावों और उसे कम करने के तरीकों को बताया गया। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस शालाओं में पोषण वाटिका निर्माण करने के लिए जैविक तरीके से बीजामृत, जीवामृत और नीमार्क बनाने की विधियां और पोषण वाटिका में बेड निर्माण प्रशिक्षण दिया गया।

### पहाड़ में मिला वृद्ध महिला का शव

**कांकेर**। थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम चिवरांज के पहाड़ में एक वृद्ध महिला का शव मिला है। पुलिस को जानकारी मिलने पर घटना स्थल से शव को कब्जे में लेकर विवेचना शुरू कर दिया है। कोड़ेजुंगा निवासी 34 वर्षीय कौशल कचलाम पिता विक्रम सिंह ने पुलिस को बताया कि चिवरांज के कोलांग पहाड़ के पास 60-65 वर्ष की महिला का शव देखा गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## निर्वाचन : बंद लिफाफा को मंडल चुनाव अधिकारी व सह अधिकारी ने खोलकर नामों की घोषणा की

# जिला भाजपा के 16 मंडलों में से 14 के अध्यक्षों की घोषणा, चारामा और भानुप्रतापपुर पर लगा ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- दो मंडलों पर लगा रेत तस्करी मामले का ग्रहण
- मंडल अध्यक्षों को संगठन के मार्गदर्शन पर टीम तैयार करने की अपील

मंडल की घोषणा करने के लिए मंडल चुनाव प्रभारी व सहप्रभारी को जिला चुनाव अधिकारी ने बंद लिफाफा सौंपा और उनको निर्देश दिया कि मंडल में बैठक करके लिफाफा खोला जाएं और नाम की घोषणा किया जाए। बंद लिफाफे में किसका नाम था, यह किसी को नहीं पता चला, क्योकि संगठन ने संभावित तीन नाम को रायपुर मंगवाया था। इस बार मंडल के चुनाव को लेकर बहुत ही ज्यादा गोपनीयता बरती गई। चारामा और भानुप्रतापपुर में रेत का ऐसा ग्रहण लगा कि मंडल अध्यक्ष की घोषणा नहीं हो पाई। जिला निर्वाचन अधिकारी लक्ष्मी वर्मा, सह प्रभारी पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले और हलधर साहू ने मंडल अध्यक्ष के सभी नाम जो चर्चा में आएं थे, उसी सूची को प्रदेश संगठन को सौंपा दिया था। इसके उपरांत संगठन प्रमुखों ने जिले व संभाग के वरिष्ठों से बात करके नाम को तय किया। मंडल में बंद लिफाफा लेकर मंडल चुनाव अधिकारी व सह अधिकारी मंडलों में पहुँचकर लिफाफा खोलकर नाम की घोषणा किया। मंडल चुनाव में चर्चा में जो नाम थे, उनमें केवल एक नाम की घोषणा किया गया। जिले के दो मंडल में नाम पर सहमति नहीं बनने के चलते दो मंडल चारामा और भानुप्रतापपुर की घोषणा नहीं हो पाई वहीं उसके अलावा 14 मंडल के अध्यक्ष की घोषणा सायं 5 बजे तक किया गया। मंडल अध्यक्ष अब आने वाले समय में जिले के भाजपा संगठन से मार्गदर्शन लेकर अपनी टीम को तैयार करेंगे।





### भानुप्रतापपुर विधानसभा के दो मंडल का चुनाव टला

*इस विधानसभा में संगठन विवाद के चलते विधानसभा और लोकसभा में लगातार भाजपा को नुकसान उठाना पड़ा। छः साल तक इस विधानसभा से जिलाध्यक्ष, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष व महामंत्री, मंत्री व अन्य पदाधिकारी रहे, परंतु विधानसभा का उपचुनाव, विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में हार का मुँह देखना पड़ा। चारामा में रेत दलाली में सक्रिय को मंडल अध्यक्ष बनाने के लिए एक गुट सक्रिय था और इसकी शिकायत भी हुई, उसी का परिणाम रहा कि यहाँ का चुनाव टल गया। भानुप्रतापपुर में भी निष्क्रिय को मंडल अध्यक्ष बनाने के लिए सक्रियता दिखाए जाने पर वरिष्ठों से इनपुट मिलने पर यहां का भी चुनाव टल गया।*

### विधानसभा कांकेर के पांच मंडल अध्यक्षों की भी घोषणा



दिनेश रजक | कमलेश उसेंडी | टकेश्वर सिन्हा



संतोष भास्कर | डाकेश साहू

जानकारी के अनुसार विधानसभा कांकेर के अंतर्गत पाँच मंडल कांकेर शहर, कांकेर ग्रामीण, सरोना, नरहरपुर और धनेलीकन्हार आते है। चुनाव की दृष्टि से सबसे कमजोर मंडल नरहरपुर है, जहाँ पर एक मंडल को बढ़ाने की माँग लंबे समय से की जा रही है। कांकेर शहर के चुनाव प्रभारी मोनिका शाहा ने लिफाफा खोलकर मंडल अध्यक्ष के नाम की घोषणा किया, उन्होने बताया कि शहर के मंडल अध्यक्ष दिनेश रजक होंगे, वहीं मंडल जिला प्रतिनिधि दीपक खटवानी के नाम की घोषणा किया गया। नाम की घोषणा होते ही उपस्थितजनों ने ताली बजाकर स्वागत किया। इसके उपरांत भाजपाई पुराने बस स्टैंड पहुँचकर आतिशबाजी कर मंडल अध्यक्ष बनने का जश्न मनाया। सरोना मंडल के चुनाव अधिकारी राजीव लोचन ने सरोना में बंद लिफाफे को खोलकर बताया कि इस मंडल के अध्यक्ष टकेश्वर सिन्हा होंगे, जो पिछले कार्यकाल में मंडल महामंत्री की भूमिका निभा रहे थे। कांकेर ग्रामीण में कमलेश उसेंडी को , नरहरपुर संतोष भास्कर और धनेलीकन्हार के मंडल अध्यक्ष डाकेश साहू बने।

### भानुप्रतापपुर के तीन मंडल के अध्यक्ष की हुई घोषणा

विधानसभा भानुप्रतापुर के अंतर्गत पांच मंडल चारामा, हाराडुला, कोरर, भानुप्रतापपुर, दुर्गुकोंदल आते है। इसमें से दो मंडल चारामा और भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष की घोषणा नहीं हो सकी। कोरर मंडल के चुनाव प्रभारी शालिनी राजपूत और सह प्रभारी अनूप सिंह राठौर ने लिफाफा खोला और पीयूष कश्यप को मंडल अध्यक्ष बनने की घोषणा किया। हाराडुला मंडल में कोटेला के सरपंच प्रेम मंडावी और दुर्गुकोंदल में सिहारी सरपंच के पति बिदे सिंह कल्लों को मंडल अध्यक्ष घोषित किया गया।



पीयूष कश्यप | प्रेम मंडावी | बिदे सिंह कल्लो

### अंतागढ़ के छः मंडल के अध्यक्ष की हुई घोषणा

विधानसभा अंतागढ़ विधानसभा में छः मंडल अंतागढ़, आमाबेड़ा, कोयलीबेड़ा, कापसी, पखांजुर, बांदे है और सभी जगहों पर मंडल चुनाव बहुत ही शांति ढंग से निपटा। भाजयुमो के पूर्व अध्यक्ष निखिल ठाकुर ने आमाबेड़ा मंडल में मनोहर यादव के नाम की घोषणा किया। कापसी मंडल के चुनाव प्रभारी भरत मटियारा ने अजय छाजड़ के नाम की घोषणा किया। अंतागढ़ मंडल का अध्यक्ष महेश उइके, पखांजुर का मंडल अध्यक्ष दीपांकर राय, बांदे का मंडल अध्यक्ष सुनीता मंडल और कोयलीबेड़ा का मंडल अध्यक्ष सिकसोड़ के सरपंच लच्छूराम गावड़े को घोषित किया गया।



मनोहर यादव | अजय छाजड़ | महेश उइके | दीपांकर राय | सुनीता मंडल | लच्छूराम गावड़े

# बीयर की बोतल से हमला, युवक घायल दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, विवेचना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 119 में मंदिर के पास युवक के ऊपर बीयर बोतल से हमला कर घायल कर दिया। दो आरोपी ने युवक को शराब पीने के लिए चखना लाने के लिए बोला। युवक ने पैसा नही होने की बात कहते हुए चखना लाने से मना किया तो आरोपियों ने गाली देते हुए बीयर की बोतल से उस पर हमला कर दिया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 119 पखांजुर निवासी 51 वर्षीय उत्पल राय पिता स्व. किरणचंद राय ने पुलिस को बताया कि मेरे बेटे विशाल राय को 19 दिसंबर की रात करीबन साढ़े 8 बजें गांव के नादु बरई ने फोन कर मंदिर के पास बुलाया। मंदिर के पास बुलाने पर मेरा बेटा विशाल चला गया, वहां पर नादु बरई और संजू सिकदार था और मेरे बेटे को रात करीबन 9 बजे दोनो ने मेरे लड़के को चखना लाने के लिए जिद किया। विशाल राय पैसा नही है बोला तो इसी बात पर आरोपी नादु बरई और संजु सकदार ने गाली देना शुरू कर दिया। गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने बियर की बोतल से विशाल राय के सिर में हमला बोल दिया, जिससे मेरे बेटे के सिर में चोट लगा और खून बहने लगा। टूटे हुए बोतल से गर्दन में दो-तीन बार मारा, जिससे विशाल राय के सिर एवं गर्दन में चोट आया। किसी तरह विशाल राय जान बचा कर वहां से भागने में कामयाब रहा नही तो बड़ी घटना हो सकता था। पिता का कहना था कि शराबी दोनो युवकों से डर बना हुआ है और कभी भी मेरे परिवार व बेटे के साथ कोई भी बड़ी अनहोनी कर सकते है।



पखांजुर पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# हत्या की नीयत से डंडे से हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा थानांतर्गत महिला के साथ पुरानी रंजिश के चलते विवाद करते हुए डंडा से हमला कर महिला को घायल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



जानकारी के अनुसार 19 दिसंबर को चारामा थाना में पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराया था कि दोपहर डेढ़ बजें पीड़िता अपने घर मे चांवल साफ कर रही थी। उसी समय उसका देवर तुलसीराम मंडावी आया और कहने लगा कि पारिवारिक व पुरानी बातों को लेकर रोज-रोज लड़ाई झगड़ा करती हो, आज मै तुझे जान से मार दूंगा बोलकर अपने साथ मे डण्डा से प्राण घातक हमला कर दिया। गाली देते हुए मारपीट किया, जिससे पीड़िता को गंभीर चोट आया था। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी का पता तलाश में जुट गई थी। पुलिस ने आरोपी खैरवाही निवासी तुलसी राम मंडावी पिता सुदधुराम मंडावी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। आरोपी ने स्वीकार किया कि परिवारिक विवादइ को लेकर पीड़िता से कई बार विवाद हो चुका है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में तत्परता दिखाया। कार्यवाही में सउनि भकेश पटेल, रामेश्वर कोड़ोपी, अनिल जैन का सराहनीय योगदान रहा है।

# संवेदनशील गांव की महिलाओं को सिलाई व कढ़ाई प्रशिक्षण से आएगी आत्मनिर्भर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

- एक माह तक महिलाओं को मिलेगा प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

जिले के अंदरूनी ईलाके की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सशस्त्र सीमा बल के 61 वें स्थापना दिवस के स्वर्णिम अवसर पर 20 दिसबंर को 28 वीं वाहिनी मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ के अंतर्गत आने वाली सीओबी बैहासालेभाट व पादरगांव में एक माह का सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया।

शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान 28 वीं वाहिनी मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ के कमांडेट अरूण देवगम ने बताया कि नागरिक कल्याण कार्यक्रम सीएपी 2024-25 के तहत यह प्रशिक्षण प्रांरभ किया गया है। एसएसबी का उद्देश्य है कि अंदरूनी व संवेदनशील क्षेत्र की महिलाएं इस तरह का प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर व सशक्त बनें। सिलाई व कढ़ाई का प्रशिक्षण लेकर महिलाओं को रोजगार स्थानीय स्तर पर मिलना तय है। संवेदनशील गाँव के युवाओं के साथ-साथ महिलाओं को भी सशक्त बनाने के कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे है। आयोजित शिविर में 15 बैहासाल्हेभाट और 15 पादरगांव से महिलाएं प्रशिक्षण ले रही है। इस तरह 30 महिलाओं को प्रशिक्षण देने के कार्यक्रम का 20 दिसंबर को शुभारंभ किया गया। कमांडेट ने यह भी बताया कि प्रशिक्षण पूरा होने के उपरांत प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं को निःशुल्क मशीन भी दिया जाएगा, जिससे उससे रोजगार का साधन बन सके। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न गांव के लोगों ने सशस्त्र सीमा बल द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षणों व कार्यक्रमों का ग्रामीणों द्वारा सराहना किया गया और कहा गया कि फोर्स जो हमारे हित में काम कर रहा है, ऐसी कल्पना हम लोगों को नहीं थी। फोर्स युवाओं व महिलाओं को आत्मनिर्भर करने में प्रयासरत है। इस दौरान वाहिनी मुख्यालय के समस्त अधिकारीगण, अधिनस्थ अधिकारीगण व जवान भी उपस्थित रहें।

## संभागायुक्त सुशासन सप्ताह, जलजीवन मिशन के कार्यों से हुए अवगत

# महिलाएं नवाचारी की गतिविधियों से जुड़कर स्वयं बनें आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सरकार की योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन करके आम जनता तक उनका लाभ पहुंचाना ही सुशासन है। उन्होंने कहा कि महिलाएं नवाचारी गतिविधियों में संलग्न होकर स्वयं आत्मनिर्भर बनें तथा दूसरों को प्रेरित भी करें। उक्त बातें संभागयुक्त डोमन सिंह ने गढ़पिछवाड़ी में महिलाओं से रूबरू होते हुए कहा। संभागयुक्त ने कुलगांव में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल-जल योजना की जमीनी हकीकत जानी।



संभागायुक्त गढ़पिछवाड़ी में समूह की महिलाओं से प्रतिक्रिया लेकर उनके कार्य एवं आय के जरिए की जानकारी लिया। इस दौरान बिहान के तहत विभिन्न स्वसहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि समूह से जुड़कर किस तरह उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनीं। संभागयुक्त ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत गांवों में कैंप लगाकर ग्रामीणों का राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड आदि बनाया जा रहा है। इसके अलावा महिलाओं एवं स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा रैली निकालकर योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा शपथ भी दिलाई जा रही है। इस अवसर पर कमिश्नर ने समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन करके आम जनता तक उनका लाभ पहुंचाना ही सुशासन है। उन्होंने कहा कि महिलाएं नवाचारी गतिविधियों में संलग्न होकर स्वयं आत्मनिर्भर बनें तथा दूसरों को प्रेरित भी करें।

### मेडिकल कॉलेज की प्रबंधकारिणी की ली बैठक

संभागायुक्त मेडिकल कॉलेज नंदनमारा में जाकर वहां आयोजित प्रबंधकारिणी समिति की बैठक में सम्मिलित हुए, जिसमें कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर भी उपस्थित रहे। समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 का मदवार बजट प्रावधान, स्वशासी के आय-व्यय का ब्यौरा सहित विभिन्न एजेन्डों पर चर्चा किया गया। बैठक में कमिश्नर ने निर्देशित किया कि संस्था स्तर के कार्यों का वित्तीय अनुमोदन संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा किया जाना चाहिए, जबकि उच्च स्तर के प्रशासकीय एवं वित्तीय अनुमोदन नियमतः उच्चाधिकारी के माध्यम से कराया जाए। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज की डीन ने एजेण्डावार कार्यों की संक्षिप्त जानकारी दी।

## पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### क्षेत्र में जुआ और शराब का धंधा निर्बाध, कार्रवाई शून्य

**धनौरा।** धनौरा क्षेत्र में जुआ और शराब का कारोबार पूरे शबाब पर है। जगह जगह अंग्रेजी देशी शराब बिक रहा है वंही जगह जगह जुआ का फड सज रहा है और हजारों लाखों का दांव लग रहा है । जिसके चलते जुआरियों शराबियों का परिवार बर्बाद होते जा रहा है । कोंडागांव जिला के पुलिस अधीक्षक जिला के अन्य पुलिस थाना क्षेत्रों में जुआ शराब पर अंकुश लगाने सख्त निर्देश देते स्वयंम भी निगरानी कर रहे हैं पर न जाने क्यों धनौरा क्षेत्र की तरफ नजरें इनायत नहीं हो पा रही है । जिस तरह से बेखौफ होकर बदस्तूर जुआ खेलाने शराब बेचने का धंधा खुलेआम चल रहा है वह पुलिस प्रशासन पर सवाल खड़ा करता है।

### भगवती हलधर को मिली शहर भाजपा की कमान

**नारायणपुर।** आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में भाजपा के तीनों मंडलो में अध्यक्ष का सर्वसम्मति से हुआ चुनाव। इस दौरान जिला चुनाव अधिकारी व वनविकास निगम के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को पुष्पगुच्छ व पुष्पहार पहनाकर शुभकामनाएं दी।भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष के तौर पर महिला मोर्चा की शहर अध्यक्ष रही भगवती हलधर को मिली कमान वहीं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी ग्रामीण भाजपा मंडल महामंत्री रहे प्रेमनाथ उसेंडी व ओरछा भाजपा मंडल अध्यक्ष का जिम्मा सुखराम पोडियाम को मिला। वहीं इस अवसर पर श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा की मंडल अध्यक्षों की चयन प्रक्रिया के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के सकारात्मक रवैए और चयनित पदाधिकारियों को बिना किसी विरोध के सर्वसम्मति से दिए गए समर्थन पर भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार जताया और आगे उन्होंने नवनियुक्त मंडल पदाधिकारियों से वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मान देने और सदैव संगठन के तरक्की के हित में कार्य करने की आशा व्यक्त की है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रूपसाय सलाम, भाजपा नेता बृजमोहन देवांगन, गौतम गोलछा, नारायण मरकाम, जयप्रकाश शर्मा ,संजय नंदी, संदीप झा सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### नए राशन दुकान खुलने से बालासार झाकरपारा के ग्रामीणों को राहत

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा ग्राम पंचायत खचगांव के आश्रित ग्राम बालासार एवं ग्राम पंचायत माकड़ी, विकासखण्ड माकड़ी के आश्रित वार्ड झाकरपारा में ग्रामवासियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ग्राम बालासार एवं झाकरपारा माकड़ी में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान खोलने के लिए अनुमति प्रदान की गई है। ग्राम बालासार एवं झाकरपारा माकड़ी में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान आवंटन के लिए इच्छुक समिति दिनांक 23 दिसंबर 2024 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोण्डागांव में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

---

**निर्वाचन : अब प्रत्याशी टिकट के लिए कर रहे गुणा-भाग**

# निकाय चुनाव : कोण्डागांव, फरसगांव और केशकाल के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव




कलेक्टर एवं विहित प्राधिकारी कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभा कक्ष में नगरीय निकायों में निर्वाचन-2024 के लिए वार्डोंं का आरक्षण की प्रक्रिया राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि और आम नागरिकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जिसमें नगरपालिका परिषद कोण्डागांव के 22 वार्ड, नगर पंचायत फरसगांव के 15 वार्ड और नगर पंचायत केशकाल के 15 वार्ड के लिए आरक्षण की कार्यवाही की गई। आरक्षण पश्चात कोण्डागांव नगर पालिका परिषद में अनुसूचित जाति हेतु 02, अनुसूचित जनजाति के लिए 06, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 03 तथा अनारक्षित वर्ग के लिए 11 पद आरक्षित की गयी है, जिसमें महिलाओं के लिए अनुसूचित जाति के 01, अनुसूचित जनजाति के 02, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 01 और अनारक्षित वर्ग के लिए 03 पद शामिल है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम सहित सीएमओ उपस्थित रहे।

नगर पालिका कोण्डागांव का वार्डवार आरक्षण की जानकारी – महात्मा गांधी वार्ड – अजा, सुभाष चंद्र बोस वार्ड – अजजा महिला, श्याम प्रसाद मुखर्जी वार्ड – अजजा, डोंगरी पारा वार्ड – अनारक्षित, जमकोट पारा वार्ड – अजजा महिला, बाजार पारा वार्ड – अनारक्षित, शीतला पारा वार्ड – अनारक्षित महिला, विकासनगर वार्ड – अपिव महिला, तहसील पारा वार्ड – अनारक्षित, पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड – अपिव, दण्डकारण्य वार्ड – अजा महिला, भेलवापदर वार्ड – अपिव, बंधापारा वार्ड – अजजा, फॉरेस्ट कॉलोनी वार्ड – अजजा, शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड – अनारक्षित, अम्बेडकर वार्ड – अजजा, अस्पताल वार्ड – अनारक्षित, शहीद भगतसिंह वार्ड – अनारक्षित, सरगीपाल वार्ड – अनारक्षित, स्वामी विवेकानंद वार्ड – अनारक्षित महिला, मरारपारा वार्ड ज्योतिबा फूले – अनारक्षित महिला, महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड – अनारक्षित।

नगर पंचायत फरसगांव का वार्डवार आरक्षण की जानकारी – महात्मा गांधी वार्ड – अजा, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड – अनारक्षित महिला, शिव मंदिर वार्ड अनारक्षित महिला, मां दन्तेश्वरी वार्ड – अजजा, सरदार भगत सिंह वार्ड– अनारक्षित, प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी वार्ड – अनारक्षित, मां दुर्गा मंदिर वार्ड– अनारक्षित महिला, गायत्री मंदिर वार्ड – अजजा महिला, अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड – अजजा, महाराजा प्रवीर चंद भंजदेव वार्ड – अजजा, जय बुढा देव वार्ड– अजजा, विरांगना रानी दुर्गावती वार्ड – अजजा महिला, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस वार्ड – अजजा, मां तेलीन सती वार्ड – अनारक्षित, महाराणा प्रताप वार्ड – अनारक्षित।

नगर पंचायत केशकाल का वार्डवार आरक्षण की जानकारी – भंगाराम वार्ड – अन्य पिछड़ा वर्ग, पं.दीनदयाल उपाध्याय वार्ड – अनारक्षित, दन्तेश्वरी वार्ड – अजजा, शिवमंदिर वार्ड – अजजा महिला, जवाहर वार्ड – अजजा महिला, महावीर वार्ड अनारक्षित, प्रवीरचन्द्र भंजदेव सिंह वार्ड – अनारक्षित महिला, वीर नारायण सिंह वार्ड – अनारक्षित, महात्मा गांधी वार्ड – अजजा, अकबर वार्ड – अनारक्षित महिला, सुभाष चौंक वार्ड – अनारक्षित, अशफाक उल्ला खां वार्ड – अनारक्षित महिला, शीतला वार्ड – अनारक्षित, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड – अजजा, डॉ. अंबेडकर वार्ड – अजा।

---

## नवोदय व प्रयास विद्यालय के लिए तैयारी गाइड का निशुल्क वितरण




हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

अधिकार कर्मचारी संघ ग्राम गंवरसिल्ली के द्वारा प्रतिभावान कक्षा 5वीं, 8वीं प्राशा व माशा गंवरसिल्ली नयापारा एवं माशा सिंगारवाही के छात्र-छात्राओं जो आने वाले वर्ष के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय एवं प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए तैयारी के लिए 25 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क गाईड वितरण किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित गुरूजनों का अधिकारी कर्मचारी संघ ने गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया। 28 सप्ताह के कठिन प्रशिक्षण प्राप्त कर उपस्थित भारतीय सेना के जवानों को स्मृति चिन्ह देकर एवं वेणुका नेताम को प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर, वेद प्रकाश नेताम को जवाहर नवोदय विद्यालय करप एवं भूपेश नेताम को विवेकानंद विद्या पीठ रायपुर छग में चयन के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल मंच संचालन शत्रुघन यादव ने किया। कार्यक्रम में अतिथि शिक्षक पतिराम मंडावी, नारद कुंजाम, रामसाय मरकाम, रूपेश ठाकुर, कल्लो, एवं ग्राम के सियान कंवल रमा नेताम, भगवान सिंह टेकाम, देऊराम मरकाम, सुरज कोड़ोपी वार्ड पंच, गौरी शंकर कोड़ोपी, भगेश्वरी नेताम, सहायिका मैनीबाई टेकाम, अधिकारी कर्मचारी संघ के संरक्षक अनिल नेताम, नरेन्द्र टेकाम, शिशुपल वट्टी, प्रकाश नेताम, रमऊ यादव एवं समस्त ग्रामवासी युवा युवती उपस्थित रहे।

---

## माशा मंगहूर में तम्बाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

विकासखंड के सुदूर ग्राम मंगहूर में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम योजना के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मंगहूर को तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाने चयन किया गया। तम्बाकू निषेध जागरूकता अभियान थीम के साथ ब्लॉक नोडल चिरायु टीम के डॉ मुकेश साहू एवं साथियों के द्वारा बच्चों को तम्बाकू से होने वाले नुकसान व बीमारी को बताया गया।

तम्बाकू सेवन से सम्बंधित बच्चों को प्रश्न पूछा गया, जिसमें प्रथम खिलेश्वरी कोवाची कक्षा आठवीं, द्वितीय नूतन कुमार आठवीं, तृतीय राकेश कुमार सातवीं को क्रमशः नोटबुक व पेन, कम्पास बॉक्स व पेन पुरुष्कार दिया गया। सांत्वना पुरुष्कार पेन कौशिल्या, कमलेश कुमार व अंजली जाड़े को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में शाला के प्रधनाध्यापक अशोक बेलसरिया, अरुण कुमार साहू, भूपेंद्र ओझा, देव कुमार एवं चिरायु टीम के साथी उपस्थित रहे। डॉ मुकेश साहू के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को नशीली पदार्थों की सेवन से बचने व स्वच्छ समाज का निर्माण करना है, जिसमें आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। जो राष्ट्र निमार्ण में ये बच्चे महती भूमिका रखेंगे। अंत में चिरायु स्वास्थ्य टीम द्वारा सभी बच्चों को मिठाई, सेव, बिस्किट खिलाया गया। संस्था के टीम को बच्चों में जागरूकता बढ़ाने एवं मार्गदर्शन करने पर धन्यवाद प्रेषित किया गया।

---

## नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

चारामा क्षेत्र के नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में चारामा पुलिस ने आरोपी को धमतरी से गिरफ्तार न्यायल में पेश किया और न्यायिकि रिमांड में जेल भेजा गया।



नाबालिग के परिजन ने चारामा थाना मं 25 नवंबर को शिकायत दर्ज कराया था उनकी नाबालिग बेटी बिना बताए कही चली गई है। आसपड़ोस व रिश्तेदारों से भी पूछताछ किया, लेकिन नाबालिग का कोई जानकारी नही मिला। अज्ञात व्यक्ति द्वारा नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले जाने की रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 51/24 एवं अपराध क्रमांक 162/2024 धारा 137 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया । मामले की गंभीरता को देखते उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देशन पर पुलिस टीम रवाना हुई और लाल बगीचा धमतरी से नाबालिग बालिका को आरोपी धमतरी जिला के अर्जुनी थानांतर्गत ग्राम लोहरसी के कब्जे से बरामद किया गया। पूछताछ करने पर नाबालिग ने बताया कि मामा के घर सगाई में गई थी, जहां आरोपी भूषण सिन्हा से परिचय हुआ था। भूषण सिन्हा से बातचीत होता था कि तुमको पसंद करता हूँ और शादी करूंगा बोलकर बहला फुसलाकर मना करने के बावजूद जबरदस्ती दुष्कर्म किया। आरोपी के खिलाफ धारा 64, 64 (2) (ड) बीएनएस 4, 6 पॉक्सो के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है और जेल भेजा गया।

---

## पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर



पीएमश्री स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल भानुप्रतापपुर के कक्षा 11 वीं एवं 12वीं के बच्चों ने संस्था के प्राचार्य पीआर भारद्वाज एवं शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान के निर्देशन और मार्गदर्शन में 19 दिसंबर को शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ विधानसभा, नया रायपुर मंत्रालय, पुरखौती मुक्तागंन आदि जगहों का भ्रमण किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी, मोहन मंडावी एवं मुकेश चंद्राकर की उपस्थिति में दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।


खेल एवं युवा मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत संचालित छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग डॉ. नीता वाजपेयी, राज्य एनएसएस अधिकारी पदेन सचिव उच्च शिक्षा विभाग, डॉ. डीएल पटेल कार्यक्रम समन्वयक शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर, भागीरथी नायक जिला संगठक के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में स्वछता ही सेवा थीम पर 9 नवंबर से 15 नवम्बर तक सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी का आगमन हुआ था। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक एमके टांडिया के निवेदन पर विधायक ने बच्चों को शीतकालीन सत्र में विधानसभा भवन कार्यवाही विवरण दिखाने का वादा किया था, जिसे उन्होंने पूर्ण करते हुए स्वयं विधानसभा भवन में छात्र-छात्राओं को अच्छा पढ़ाई करने संबंधी मार्गदर्शन देते हुए भ्रमण कराया तथा छात्र-छात्राओं के साथ स्वयं भोजन भी किया। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ शिक्षक लोचन सिंह गौतम, लिगेंद्र कुमार साहू, कमलेश विनायक, बी कुमेटी, रश्मि गांवर मेंटर शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

---

## कार की टक्कर से युवक घायल, चालक के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर थानांतर्गत ग्राम मुरडोंगरी के पास कार की टक्कर से बाईक में सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को संजीवनी 108 की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। युवक को गंभीर चोट आने की वजह से हायर सेंटर रिफर किया गया, जहां उसका ईलाज जारी है। दुर्घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



थाना में शिकायत करने पहुंचे लट्टीपारा कांकेर निवासी 52 वर्षीय टेमन साहू पिता स्व. नारायण साहू ने पुलिस को बताया कि सेलेगांव निवासी 20 वर्षीय आलोक कुमार साहू पिता चमन लाल साहू 15 दिसंबर को मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीटी 2631 में सवार होकर कांकेर से सेलेगांव जा रहा था। ग्राम मुरडोंगरी के पास करीबन डेढ़ बजें सामने की ओर से आ रही कार वाहन क्रमांक सीजी 19 बीपी 9858 का चालक अपनी कार को तेज लापरवाही एंव उतावलेपन से चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया, जिससे आलोक कुमार मोटर सायकल सहित सड़क पर गिया गया। एक्सीडेंट से आलोक कुमार के दाहिने पैर एंव शरीर के अन्य हिस्से मे चोट आया। घायल को संजिवनी 108 की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक ईलाज के उपरांत गंभीर चोट को देखते हुए उचित ईलाज के लिए हायर सेंटर रिफर किया गया है। घायल को हायर सेंटर ले जाया गया, जहां उसका ईलाज जारी है।

कांकेर पुलिस ने शिकायतकर्ता की शिकायत पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

---

## जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों को मिल रहा शुद्ध पेयजल, बुझ रही प्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

मुख्यमंत्री के मंशानुरूप प्रत्येक घरों में जल जीवन मिशन अंतर्गत शुद्ध पेयजल प्रदाय करने की मुहिम बहुत ही कारगर साबित हो रही है। इसी कड़ी में जिले के कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम जुनानवागावड़ेगांव तथा अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम नवागावड़ेगांव और घुमर में ग्राम सभा का आयोजन कर हर घर जल उत्सव मनाया गया और ग्रामों को प्रमाणीकरण किया गया।



कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम जुनानवागावड़ेगांव में हर घर जल उत्सव आयोजित कर ग्राम को प्रमाणीकरण किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल हर घर जल के संचालन, संधारण, प्रबंधन एवं सतत क्रियाशील बनाए रखने की जिम्मेदारियों से अवगत कराया। योजना को सुचारू रूप से सफलता पूर्वक चलाने को कहा, ताकि हर घर तक शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति हो सके। उनके द्वारा जल जीवन मिशन योजना की संपूर्ण जानकारी देते हुए पाईप लाईन, टंकी, घरेलू नल कनेक्शन का सदुपयोग करते हुए साफ-सफाई रखने की जानकारी दी गई। साथ ही जल बहिनी, पंप आपरेटर, प्लंबर, हेल्पर और ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति तथा ग्राम वासियों को अपने दायित्वों का निर्वाहन करने के लिए प्रेरित किया गया। अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम नवागावड़ेगांव और घुमर में भी ग्रामसभा आयोजित कर हर घर जल उत्सव मनाया गया और प्रमाणीकरण किया गया। नवागावड़ेगांव और घुमर के ग्रामीणों में अपने घरों में शुद्ध पेयजल पहुंचने से खुशी की लहर है। गांव में एक-दो जगह नलकूप होने से पानी भरने के लिए बहुत दूर जाना पड़ता था। अब घरो-घरों शुद्ध पानी मिलने से नलकूप में पानी भरने लाईन लगाने से लेकर समय की बचत हो रही है। जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल, हर घर जल योजना संचालित की जा रही है।

---

**ग्राम सभाओं के संवैधानिक अधिकारों तथा वर्तमान सरकार के सुशासन पर की चर्चा**

## ग्राम स्तर के मैदानी कर्मचारी- अधिकारियों को पेसा व अधिकार मान्यता कानून संबंधी दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

ग्राम सभा रावबेड़ामारी, विकासखंड केशकाल, जिला कोण्डागांव के ग्राम सभा कार्यालय में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में ग्राम पंचायत स्तर के समस्त विभागों के मैदानी अधिकारी कर्मचारी तथा रावबेड़ामारी के सीमावर्ती ग्रामों के ग्राम सभा अध्यक्ष, अध्यक्ष - सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समितियां, वन अधिकार समिति, संयुक्त वन प्रबंधन समितियां जैव विविधता समिति, ग्राम पंचायत अध्यक्ष, पंचायत, जनपद, जिला पंचायत जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के नर्स, मितानिन, स्व सहायता समिति, ग्राम सभाओं के गांयता, पटेल, पुजारी वा ग्रामीण इस प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थिति रहे।



इस प्रशिक्षण कार्यशाला में वक्ता के रूप में उपस्थित तिरु.धन्नू सलाम ने नार्र (गांव) व्यवस्था, पेन व्यवस्था, आदिवासी संस्कृति , वेषभूषा, भाषा बोली, रहन सहन की विस्तृत जानकारी दिया गया तथा इस प्रशिक्षण कार्यशाला का मुख्य वक्ता तिरु. तुलसी नेताम जी ने एक कदम गाँव* की ओर....ग्राम सभा सशक्तिकरण कि ओर की थीम को लेकर सामुदायिक वन संसाधन के प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया ओर इसमें मुख्य रूप से ग्राम सभाओं के संवैधानिक अधिकारों के विषयक तथा वर्तमान सरकार का दिशा दिर्देशों को ग्राम सभा स्तर में कैसे क्रियान्वयन करना है यह जानकारी विस्तृत रूप में दिया गया।

साथ ही नेताम जी ने बताया कि ग्राम सभा की मूलभूत सुविधाओं की जानकारी जैसे की स्वास्थ, शिक्षा, सामुदायिक वन संसाधन अधिकार, ग्राम सभा के प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन कैसे करना है? किन विभागों के साथ मिलकर करना है? तथा विभागों की भूमिका क्या क्या होगा। साथ ही व्यक्तिगत वन अधिकार, सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति, गांव में ग्राम सभा का सफ़ल आयोजन का कैसे करें और हम इसका लाभ कैसे लें सकते हैं, इस पर भी विस्तार से बताया गया, वर्तमान में गांव की लघु वन उपज को कैसे बिचौलियों से रोका जाय और उसे प्रसंस्करण कर समर्थन मूल्य में कैसे बचा जाए कहां बेचा जाए, गांव की पारंपरिक शरद के अंदर कैसे कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से अधिकार लिया जाए इस पर भी विस्तार से बताया गया।

### संबंधित विभाग की रही भागीदारी

प्रशिक्षण कार्यशाला में वन विभाग, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, जल संसाधन विभाग, महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थय विभाग, डाक सेवा विभाग, नरेगा, कृषि विभाग, स्व सहायता समूह तथा जनप्रतिनिधि, क्षेत्र के ग्रामीण, गोटूल लया- लयोर उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

इस प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन ग्राम सभा रावबेड़ामारी, तथा सहयोगी एनएसएसएश छत्तीसगढ़, से सफल आयोजन में सहयोग एवं मार्गदर्शन लिया गया।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**दंतेवाड़ा।** छग सरकार के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन में जिले में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और समुदाय की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार लाना था। शिविर में दंत रोग, गैर-संचारी रोग, अस्थि रोग, चर्म रोग, मानसिक स्वास्थ्य परामर्श, नेत्र रोग, नाक-कान-गला रोग, सिकल सेल जांच, हीमोग्लोबिन जांच, ब्लड ग्रुप जांच, वयोवृद्ध सेवाएं और नशा मुक्ति परामर्श सेवाएं देने के साथ स्वास्थ्य शिविर में कुल 130 पुरुषों और 103 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में मनोचिकित्सक डॉ. विजय कर्मा,मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. देश दीपक, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अमन सिंह,नेत्र रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय भुवन खुर्रे एवं मीडिया अधिकारी बी. एस. नेताम, विकासखंड प्रबंधक जीवन नाग, आरएमए शत्रुघ्न सोनी, पीयूष उपाध्याय, नेत्र सहायक अधिकारी अशोक कुमार मरकाम, कुष्ठ रोग एनएमए शंकर घोष, टीवी कार्यक्रम से सूरज सिंह और लैब टेक्निशन व स्टाफ नर्स भी उपस्थित थे।

### निवारण शिविर स्थल एवं तिथि परिवर्तन

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय कलेक्टर द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार जनसमस्या निवारण शिविर स्थल एवं तिथि परिवर्तन किया गया है। जिसमें ग्राम पंचायत चिकपाल जनपद पंचायत कटेकल्याण में होने वाली जनसमस्या निवारण शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित करते हुए उक्त शिविर 23 दिसंबर दिन सोमवार को निर्धारित स्थल ग्राम पंचायत चिकपाल जनपद पंचायत कटेकल्याण में आयोजित किया गया है।

### लाइसेंस शिविर का आयोजन आज



**दंतेवाड़ा।** जिला परिवहन विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के आम नागरिकों के सुविधा की दृष्टि से कार्यालय जनपद पंचायत कुआकोंडा के पालनार में 21 दिसंबर को अस्थायी लाइसेंस लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से 5:30 बजे तक किया जा रहा है। शिविर में अस्थायी चालक अनुज्ञप्ति लर्निंग लाइसेंस परिवहन सुविधा केंद्र द्वारा बनाया जाएगा। इस संबंध में इच्छुक व्यक्तियों के लिए ऑनलाइन आवेदन हेतु सेवा शुल्क 100 रुपये नियत है। साथ ही परिवहन विभाग को ऑनलाइन फीस,टैक्स भुगतान करने हेतु प्रत्येक एक हजार रुपये या उसके भाग के लिए 50 रुपये, लर्निंग लाइसेंस हेतु शुल्क 50 रुपये, आवेदन पत्र हेतु आवश्यक दस्तावेज की स्क्रीनिंग, कम्प्रेसिंग एवं अपलोड प्रति पेज 5 रुपये, ऑनलाइन आवेदन पूर्ति के संपूर्ण दस्तावेज का प्रिंट आउट शुल्क 5 रुपए, अस्थायी चालक अनुज्ञप्ति लर्निंग लाइसेंस हेतु प्रति वाहन शुल्क एवं निवास संबंधी प्रमाण आधार कार्ड, बिजली बिल, वोटर आईडी, पासपोर्ट शासन द्वारा जारी आईडी, 2 फोटो, लोकल पता हेतु कियायानामा, शपथ पत्र, आयु प्रमाण-पत्र, पैन कार्ड, 10वीं अंकसूची की छायाप्रति अनिवार्य किया गया है।

# नगरीय निकायों में आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



सुकमा जिले के नगर पालिका परिषद सुकमा और नगर पंचायत दोरनापाल के वार्डों का आरक्षण कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में गुरूवार को सम्पन्न हुआ।

कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कलेक्टर, अपर कलेक्टर, मीडिया के प्रतिनिधि और सभी राजनीतिक दल के नेताओं की उपस्थिति में आरक्षण की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा जारी आदेशानुसार नगर पालिका परिषद सुकमा में वार्ड क्रमांक 1 सुभाष चंद्र बोस वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित किया गया। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 2 भगत सिंह वार्ड अनारक्षित, वार्ड क्रमांक 3 छत्रपति शिवाजी वार्ड अनुसूचित जनजाति महिला वर्ग, वार्ड क्रमांक 4 पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड अनारक्षित, वार्ड क्रमांक 5 स्वामी विवेकानंद वार्ड अनारक्षित, वार्ड क्रमांक 6 सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 7 महात्मा गांधी वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग, वार्ड क्रमांक 8 बिरसामुण्डा वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग, वार्ड क्रमांक 9 महादेव वार्ड अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 10 शांति नगर वार्ड अनारक्षित, वार्ड क्रमांक 11 गायत्री माता वार्ड अनारक्षित, वार्ड क्रमांक 12 शबरी नगर वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग, वार्ड क्रमांक 13 शहीद चन्द्रशेखर वार्ड अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 14 पं दीनदयाल उपाध्याय वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग और वार्ड क्रमांक 15 रंगाराज वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है।

इसी प्रकार नगर पंचायत दोरनापाल में वार्ड 1 क्रमांक सुभाष नगर वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग, वार्ड क्रमांक 2 दुर्गा नगर वार्ड अनारक्षित, वार्ड क्रमांक 3 सरस्वती नगर वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग, वार्ड क्रमांक 4 शीतला माता नगर वार्ड अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 5 शबरी नगर वार्ड अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 6 पंडित दीन दयाल नगर वार्ड अनुसूचित जनजाति वग महिला, वार्ड क्रमांक 7 गांधी नगर वार्ड अनारक्षित, वार्ड क्रमांक 8 राम नगर वार्ड अनारक्षित, वार्ड क्रमांक 9 स्वामी विवेकानंद नगर वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग महिला, वार्ड क्रमांक 10 पंडित जवाहर लाल नगर वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग, वार्ड क्रमांक 11 सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग, वार्ड क्रमांक 12 इंदिरा नगर वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग, वार्ड क्रमांक 13 अम्बेडकर नगर वार्ड अनुसूचित जाति वर्ग, वार्ड क्रमांक 14 शहीद भगद सिंह नगर वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग महिला और वार्ड क्रमांक 15 बालाजी नगर वार्ड अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है।

## बस से कुचलकर स्कूटी सवार युवक की मौत



**बकावंड।** शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। यह दुर्घटना बस और स्कूटी में जोरदार टक्कर होने से हुई। स्कूटी सवार युवक की दुर्घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक का नाम 28 वर्षीय परमेश्वर नाग बताया गया है। केंदूभाटा केशकाल निवासी परमेश्वर नाग बकावंड कॉलोनी की बिल्डिंग वर्कशॉप में काम करता था। वह स्कूटी से जा रहा था, तभी गुप्ता बस ने उसे टक्कर मार दी। परमेश्वर का सिर बस के पहिये के नीचे आ गया था। सिर बुरी तरह कुचल गया, जिसके कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। गुप्ता बस की डीआरडीओ की वापसी के समय कॉलोनी बकावंड के पास दुर्घटना हुई।

## विनोद अध्यक्ष, एके सिंह सचिव निर्विरोध बने






हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल

मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक किरंदुल के 17वां त्रैवार्षिक अधिवेशन में विनोद कश्यप अध्यक्ष, एके सिंह, सचिव, रवीश तिवारी कार्यालय सचिव, ओम कुमार साहू कोषाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध चयनित हुए।

वही कार्यकारी अध्यक्ष ओर संगठन सचिव के पद के चुनाव में चुनाव करवाया गया। जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष चिन्ना स्वामी और संगठन सचिव राकेश लाल, शादाब जिलान विजय हुए। इस विषय पर महामंत्री केंद्रीय कमेटी के आशीष यादव ने कहा है कि 17वें अधिवेशन में निर्वाचित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं आशा एवं पूर्ण विश्वास है कि चयनित सभी पदाधिकारी एमएम डब्ल्यू यूनियन इंटक श्रम संगठन को नई ऊंचाई पर ले जायेंगे और संगठित होकर श्रम संगठन इंटक को मजबूती प्रदान करेंगे।

## स्कूलों के आसपास सघन चेकिंग अभियान जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

▪ स्कूली छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जा रहा जागरूक

जिला सड़क सुरक्षा समिति के बैठक में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटना के रोकथाम के लिए स्कूलों के आस-पास बिना हेलमेट, बिना लायसेंस के वाहन चलाने वालों पर जिला परिवहन अधिकारी, यातायाता प्रभारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों के द्वारा स्कूलों में जाकर प्राचार्य से संपर्क कर बताया गया कि नाबालिग छात्रों को स्कूल में वाहन लेकर आना मना है। अतः स्कूली छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।

## मसीह समाज के खिलाफ बस्तर में माहौल बिगाड़ रहे लोग : रामचन्द्र

### एसपी को नामजद आवेदन देकर एफआईआर कराने सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ईसाई धर्म के विरोध में असंवैधानिक, अनर्गल टिप्पणी कर बस्तर में दहशत का माहौल उत्पन्न करने तथा ईसाई धर्म के लोगों का वार्षिक ख्रिस्ट महोत्सव में अवरोध उत्पन्न करने जैसी मुद्दों को लेकर एसपी को शिकायत कर आरोपियों पर कार्यवाही करने की मांग की गई।

▪ ईसाई धर्म के लोगों ने विहिप व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों के खिलाफ खोला मोर्चा




बस्तर जिला पत्रकार संघ भवन में गुरुवार को प्रेसवार्ता में ईसाई समाज के पदाधिकारी बस्तर जिला मसीह सेवा समिति के अध्यक्ष, जनजाति मसीह सेवा एवं शैक्षणिक कल्याण समिति के उपाध्यक्ष रामचन्द्र, मसीह सेवा एवं शैक्षणिक कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष सहित अन्य लोगों ने यह बात कही। एसपी को नामजद आवेदन देकर सबंधितो के विरुद्ध एफआईआर कराने की मांग की गई। बताया कि 13 दिसम्बर को विश्व हिन्दू परिषद व सर्व आदिवासी समाज के नाम पर संयुक्त रूप से ईसाई धर्म के खिलाफ प्रेसवार्ता किया गया। ईसाई धर्म मानने वालों के विरूद्ध गंभीर घटनाओं को अंजाम देने का धमकी तक दिया गया है। ईसाई लोगों के पूजा, आराधना, प्रार्थना स्थल, चर्च को बुलडोजर से तोड़ने की बात कही गई है। गांव-गांव के माहौल को खराब किया जा रहा है। विहिप एवं सर्व आदिवासी समाज के नेता व अन्य लोग राजनीतिक लाभ पाने के उद्देश्य से बस्तर धर्म के नाम पर माहौल खराब कर रहे हैं। आज ईसाई धर्म मानने वाले व्यक्ति के दफन-कफन व क्रियाकर्म गांव में करने नही दिया जाता है। किसी व्यक्ति के मृत शरीर तक को अपमानित कर परिवार वालों को ईसाई धर्म छोड़कर हिन्दू धर्म अपनाने दबाव बनाया जा रहा है और घरवापसी नही करने पर गांव के सीमा के भीतर सार्वजनिक मरघट में अथवा निजी भूमि तक में दफन-कफन करने नही देकर मारपीट करते है। पत्रवार्त में उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे बस्तर के अधिकांश पंचायतों में ईसाई धर्म का पालन करने वाले परिवारो को सरकारी सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है।

## विधानसभा में विधायक ने आश्रम और पोटाकेबिनों में हो रही बच्चों की मौत का मामला उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



विधायक विक्रम मंडावी ने शुक्रवार को विधानसभा में बीजापुर जिले के आश्रमों और पोटाकेबिनों में अध्ययनरत बच्चों की हो रही मौतों का मामला उठाया है। विधायक ने विधानसभा में कहा कि जिले के आश्रमों और पोटाकेबिनों में पढ़ाई कर रहे बच्चों का इलाज के अभाव में लगातार मौत हो रही है। पिछले दस माह में 10 बच्चों की मौत हो चुकी है। जिनमें से 5 बच्चों की मौत तो मलेरिया से हुई है सरकार बीजापुर जिले के आश्रमों और पोटाकेबिनों में पढ़ाई कर रहे बच्चों की मलेरिया का इलाज नहीं कर पा रही है, इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि सरकार जिले के आश्रमों और पोटाकेबिनों में पढ़ाई कर रहे बच्चों का इलाज कैसे कर रही होगी। विधायक मंडावी ने विधानसभा में कहा कि सरकार आश्रमों और पोटाकेबिनों में लगातार हो रही आदिवासी बच्चों की मौतों को रोकने में पूरी तरह नाकाम है और बच्चों के मौतों को भी छुपाने का काम कर रही है। वहीं दूसरी ओर आज तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी पर कार्यवाही नहीं होने से ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। आश्रमों और पोटाकेबिनों में पढ़ाई कर रहे बच्चों के इलाज में लगातार लापरवाही बरती जा रही है। लगातार घट रही ऐसी घटनाओं से आदिवासियों का आश्रमों और पोटाकेबिनों से विश्वास उठता जा रहा है।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्र के मेडिकल कैंप में हुआ मरीजों का उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा




केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ के 50वीं बटालियन ने ग्रामीणों के बीच आत्मविश्वास बढ़ाते हुए मेडिकल कैम्प आयोजित की। इस दौरान गांव के प्रत्येक आयु वर्ग के नागरिकों की रक्त की जांच की गई एवं बीमारियों के रोकथाम के लिए सावधानी बरतने हेतु ग्रामीणों को जागृत किया गया। मेडिकल कैम्प में नागरिकों के स्वास्थ्य चैक अप कर आम बीमारियों जैसे-सर्दी, खांसी, बुखार, उच्च रक्तचाप, बदन दर्द, जोड़ो का दर्द, पुराना घाव जख्म गले में खराश एवं मलेरिया आदि का उपचार कर आवश्क दवाईयों का वितरण किया गया। जिसमें नक्सल प्रभावित क्षेत्र के डब्बाकोंटा, पिड़मेल एवं आसमास गांव के कई ग्रामीण लाभान्वित हुए। सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत राकेश अग्रवाल भापुसे महानिरीक्षक, छत्तीसगढ़ सेक्टर केरिपुबल के निर्देशानुसार मैडिकल कैम्प का आयोजन प्रेमजीत कुमार, कमाण्डेन्ट 50वीं बटा. एवं अमृतेश कुमार, द्वि.कमा.अधिकारी केरिपुबल के कुशल मार्गदर्शन और दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया। जिसमें 50वीं बटा. के अनिल ठाकुर, सहा. कमा. श्रेयस कार्तिक, सहा. कमा. गिर्राज प्रसाद मिणा सहा. कमा. तथा लोकेश करोल 219 बटा.सम्मिलित हुए। इस अवसर पर 50वीं बटालियन केरिपुबल के अधिनस्थ अधिकारी एवं जवान ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। मेडिकल कैम्प में डब्बाकोंटा, पिड़मेल एवं आसपास के ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। जिससे प्रतीत होता है कि इस इलाके में ग्रामीणों में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। इस अवसर पर ग्रामीणों के लिए जलपान का आयोजन भी किया गया था। इन प्रयासों से इलाके के लोग नक्सल विचारधारा को छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो रहे है। 50वीं बटालियन केरिपुबल द्वारा विकास सम्बन्धी किये गये कार्यों से सभी ग्रामीणों में आशा की नई किरण जागृत हो रही है।

▪ निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे

## कांग्रेस ने अंबेडकर पर टिप्पणी के विरोध में अमित शाह का किया पुतला दहन



**लोहंडीगुड़ा।** आज लोहंडीगुड़ा कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लक्ष्मण पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर पर विवादित टिप्पणी के विरोध में देश के गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। जनपद अध्यक्ष महेश कश्यप ने कहा कि गृहमंत्री के द्वारा सदन में बाबा साहेब अम्बेडकर पर उपहासास्पद टिप्पणी किए जाने के खिलाफ पुतला दहन किया गया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के संविधान के महत्व को नहीं मानने वाले लोग समझ भी नहीं सकते हैं। उन्होंने वंचित-शोषित और समाज के आवाज देने का काम बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने किया था। गृहमंत्री अमित शाह ने राज्य सभा में उपहासास्पद और अपमानजनक तरीके से कहा था कि अम्बेडकर का नाम लेना आजकल फैशन बन गया है इतना नाम भगवान का नाम लेते तो सात जन्म तक स्वर्ग मिल जाता, संविधान विरोधी संघियों को यह पता होना चाहिए कि देश के नब्बे फीसदी आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और महिलाओं को जो सम्मान के साथ संवैधानिक अधिकार मिले हैं उसमें बाबा साहेब के महत्वपूर्ण योगदान है। इस दौरान, योगेश बैज, केदार ढेक, भंवर, संस्कार श्रीवास्तव, शिमांचल ठाकुर, सुरेश नायक, जिमी, जयंती

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

न्यायालय नायब तहसीलदार कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.
रा.प्र.क्र./202411140100010/अ-21(4)/2024-25
ग्राम - नवागांव भावगीर तह. कांकेर
// ईश्तहार//
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण श्रीमती दुखीबाई साहू पति भैयाराम साहू, जाति तेली निवासी ग्राम नवागांव भावगीर, श्रीमती शांतिबाई साहू पति भैयाराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम कानापोड़ तहसील चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर की ओर से श्री. पी. आर जैन अधिवक्ता कांकेर द्वारा छ.ग.भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (7ख) के प्रावधान के तहत बड़ेझाड़ के जंगलमद की शासकीय पटटे पर आबंटित ग्राम नवागांव भावगीर पटवारी हल्का नंबर 30 तहसील कांकेर में स्थित भूमि खसरा नंबर 295 रकबा 1.05 हेक्टेयर एवं 296/2 रकबा 0.80 हेक्टेयर भूमि को आवेदिकागण वृद्ध एवं निःसंतान होने के कारण भरण पोषण का कोई साधन नहीं होने से रूपयो की आवश्यकता होने पर अनावेदिका केता श्रीमती पूनम साहू पति राजुराम साहू जाति तेली निवासी शिवनगर कांकेर तहसील कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के पास 11,00,000 (ग्यारह लाख) रूपये में विक्रय करने अनुमति प्रदाय करने कलेक्टर महोदय को आवेदन पत्र पेश किया है जो अ.वि.अ. (रा.) कांकेर के माध्यम से जांच हेतु प्राप्त हुआ है।
अतः उक्त आवेदन के सबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आममुख्तियारनामे से दिनाँक 06-01-2025 के पूर्व पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 13-12-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी।
मुहर
नायब तहसीलदार
कांकेर

## अब तक 50906.80 क्विंटल धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज : दंतेवाड़ा



खाद्य विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य में 15 उपार्जन केन्द्रों में 1867 कृषकों ने अब तक कुल 50,906.80 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचा है। इसके अतिरिक्त, 960 क्विंटल धान का उठाव भी किया जा चुका है। साथ ही दंतेवाड़ा में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है, जहां प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। ज्ञात हो कि कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले के 15 उपार्जन केंद्रों में व्यवस्थाएं पुख्ता की गई हैं ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। अब तक 1,867 किसानों को माइक्रो एटीएम के जरिए 10,000 रुपये तक का नगद भुगतान दिया जा रहा है। साथ ही, उपार्जन केंद्रों में खाली बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी हो रही है, जिससे किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य मिल रहा है।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बुलावंड के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**अंतागढ़।** विकासखंड के माध्यमिक शाला बुलावंड के बच्चों ने में शैक्षणिक एवं मानसिक गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानंद रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर में संचालित विज्ञान पार्क, पुस्तकालय, पशुपालन एवं खेल मैदान का भ्रमण किया और विद्यापीठ के महाराज द्वारा संचालन संबंधी जानकारी दिया। हथकरघा उद्योग, बांस शिल्प कला में बच्चे बांस से बने टेबल, कुर्सी, लालटेन जैसे अनेक सामानों को देखा व शिल्पियों से इनके निर्माण में आने वाली लागत व विक्रय से होने वाली आय के बारे में भी जानकारी प्राप्त किया। अंतागढ़ स्थित संजय निकुंज उद्यान में पहुंचकर विभिन्न प्रजातियों के फलदार फूलदार पौधे कलम पद्धति नर्सरी पद्धति रोपण विधि के बारे में उद्यान विभाग के कर्मचारियों से जानकारी लिया। इस अवसर पर माध्यमिक शाला बुलावंड के प्रधान अध्यापक जीआर राणा, सरिता उइके, उर्वशी नाग, हीरेंद्र साहू व पालक उपस्थित रहें।

### विद्यालय को मिला एक लाख रूपए का चेक



**भानुप्रतापपुर।** वन मंडल पश्चिम भानुप्रतापपुर के माध्यम से जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड भानुप्रतापपुर के खदान प्रमुख टी प्रसन्ना कुमार के द्वारा एक लाख रुपएं का चेक श्री सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुमंत सिन्हा, सचिव सोमदेव नायक, नरोत्तम सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर, प्राचार्य थानू राम सिन्हा एवं कि उपस्थिति में विद्यालय को प्रदान किया गया।

### सुशासन दिवस 25 को मनाया जाएगा



**दुर्गुकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के सभागार में सुशासन दिवस, सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर बैठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे के अध्यक्षता में हुआ, जिसमें 25 दिसंबर को सुशासन दिवस कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### किसान संघ की बैठक 23 को

**भानुप्रतापपुर।** ग्राम पटेल संघ एवं किसान संघ का बैठक 23 दिसंबर को बूढ़ादेव गोंडवाना भवन में आयोजित किया गया है। बैठक में प्रमुख रूप से संगठन एवं वर्तमान में किसानों के साथ हो रहें अन्याय के संबध में व कृषि उपज मंडी, धान खरीदी केन्द्र व लेम्पस से किसानो का टोकन काटने के बाद भी धान को खरीदी केन्द्र से वापस किया जाता है। टोकन में हेरफेर किया जाता है। शासन प्रशासन के अव्यवस्था से किसानो को परेशानी के संबंध में चर्चा किया जाएगा। उक्त जानकारी अध्यक्ष तिलक दर्रो ने दी है।

दिवस : विजय दिवस एवं गौरव माह के उपलक्ष्य में जिले के भूतपूर्व सैनिक जुटे

# पूर्व सैनिकों व परिजनों की बेहतरी के लिए प्रशासन हरसंभव प्रयास करेगा : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



■ शहीदों के परिजनों को शॉल एवं सम्मान पत्र भेंटकर किया सम्मानित

सशस्त्र सेना झंडा दिवस के उपलक्ष्य में जिले के भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों का सम्मेलन आज कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं सभी सैनिकों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस का ध्वज प्रतीक लगाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने सभी भूतपूर्व सैनिकों एवं परिजनों को संबोधित करते हुए कहा कि सैनिकों की मुस्तैदी, सजगता और कठोर सेवा की वजह से देश सुरक्षित रहता है। सभाकक्ष में कुछ ऐसे पूर्व सैनिक भी मौजूद हैं, जिन्होंने 1971 और कारगिल युद्ध में हिस्सा लिया है, जो इस जिले के लिए गर्व की बात है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में निवासरत भूतपूर्व सैनिकों व उनके परिजनों के कल्याण एवं बेहतरी के लिए जिला प्रशासन हर संभव मदद और प्रयास करेगा। कलेक्टर ने कहा कि जिले की सैनिकों की वीरता की कहानी के बारे में आने वाली पीढ़ी को भी जानकारी हो। इसके लिए पुस्तक प्रकाशित की जानी चाहिए, जिससे वे रक्षा क्षेत्र में सेवाएं देने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित हों। इस दौरान कलेक्टर ने सैनिकों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर ने शहीद स्व. गणेशराम सेना मेडल की माता जागेश्वरी बाई, शहीद सूबेदार मेजर हरिराम तारम की पत्नी कुंती तारम और शहीद मोतीराम की पत्नी पद्मावती को शॉल और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इसके साथ ही सशस्त्र सेना झण्डा दिवस में सर्वाधिक राशि देने वाले एसपी इंदिरा कल्याण एलेसेला, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी और खनिज अधिकारी को प्रतीक-चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन संजय शुक्ला एनएम (सेनि) ने बताया कि हमारी सशस्त्र सेनाएं हमारे देश की रक्षा कठिन परिस्थितियों में करती हैं। देश की रक्षा करते हुए बहुत से जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया या घायल हुए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार वीर नारियों, घायल सैनिकों तथा उनके परिजनों की सहायता के लिए 07 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाती है। इसी तरह भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत के रूप में प्रतिवर्ष 16 दिसम्बर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। संकलित राशि का उपयोग युद्ध में शहीद सैनिक के परिजन और युद्ध में अपाहिज हुए सैनिकों के कल्याणार्थ किया जाता है। इस मद में कोई भी व्यक्ति अपनी स्वेच्छा से राशि जमा कर युद्ध के मैदान में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों के परिजनों के कल्याण में भागीदार हो सकता है। इस अवसर पर जिले के भूतपूर्व सैनिक एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

# दुकान नीलामी की मांग पर निविदाकारों एवं नगरवासियों ने किया धरना प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में दुकान नीलामी को लेकर बोलीकर्ता व नगरवासियों द्वारा 20 दिसंबर को नगर के मुख्य चौराहे पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी किया गया।

धरना प्रदर्शन कर रहे बोलीकर्ता व नगरवासियों ने कहा कि पिछले दिनों नगर पंचायत भानुप्रतापपुर द्वारा दल्ली नाका के पास दुकानों की नीलामी की निविदा निकाली गई थी। निविदा में उचित दस्तावेजों के साथ विधिवत लगभग 94 निविदाकारों ने 3 हजार रुपएं शुल्क देकर फार्म खरीदा था और निविदा फार्म के साथ लगभग 2 लाख रुपएं प्रति निविदा सुरक्षा निधि राशि जमा की, परंतु नीलामी की नियत तिथि पर नगर पंचायत द्वारा 2 बार नीलामी स्थगित की गई और लगभग 2 माह से नीलामी प्रक्रिया लटकी हुई है, जिससे निविदाकारों में काफी रोष है। धरना स्थल पर निविदाकार चंद्रमौली मिश्रा ने भाजपा सरकार और नगर पंचायत के पदाधिकारियों को जमकर कोसते हुए कहा कि यह लोग सिर्फ बड़े व्यापारियों को फायदा पहुंचाना चाहते है। हरेश चक्रधारी ने नगर पंचायत पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि निजी लाभ के चलते नीलामी प्रक्रिया अटकी हुई है, अगर नीलामी प्रक्रिया जल्द शुरू नहीं हुई तो उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दिया। आयोजित धरना प्रदर्शन में डिगेश खापर्डे, गोलू गजेन्द्र, ज्वाला जैन, रोहित कैमर्री, संजू नेताम, अजय साहू, गिरधारी नरेटी, लक्ष्मण कुलदीप, सीतेश हिड़को, निकेश ठाकुर, साबिर रीजवी, रामप्रसाद कोर्राम, हेमप्रकाश यदु, महेश पटेल पिंटू राठी, नरेंद्र कुलदीप, कुंदन साहू, कस्तूर चंद जैन, तेजेंद्र कुमार तोड़ेकर आदि बोलीकर्ता व नगरवासी शामिल हुए।

# मेधावी छात्रों एवं समाज प्रमुखों का विधायक ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

संत गुरु घासीदास जयंती के पावन अवसर पर कक्षा 10 वी और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विधायक आशाराम नेताम व अन्य अतिथियों ने सम्मानित किया।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्रा योगिता टंडन, रोशनी टंडन, प्रीति रात्रे, रीतू सोनी, छात्र आदित्य वारे, आलोक डहरे को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ पीएससी में जिला सहकारी विस्तार अधिकारी के पद पर चयनित हीना मौर्य को भी सम्मानित किया गया। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ पुलिस में सब इंस्पेक्टर पद में चयनित दुलेश्वरी कुर्रे को भी सम्मानित किया गया। सतनाम सेवा समिति के उत्कृष्ट कार्य, त्याग, सेवा, समर्पण एवं अनुकरणीय योगदान देने वाले समिति जिलाध्यक्ष अमृत लाल मौर्य, उपाध्यक्ष डीडी भारद्वाज, कोषाध्यक्ष राजकुमार डहरे, सचिव मनेंद्र कुमार, सहसचिव सरस्वती खेलन, कुशल टंडन, अनिल मौर्य, हर्ष मौर्य को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम, विशिष्टि अतिथि पार्षद जयंत अटभैया, नरेश बिछिया, विजय लक्ष्मी कौशिक, मनोज जैन, हलध र साहू, डॉ. तोरण, योगेश साहू, प्रदीप कुलदीप, हृदय राम शोरी व अन्य लोग उपस्थित रहें।

# संगीतमयमी मानसगान सम्मेलन का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर के सामुदायिक भवन के प्रांगण में मानव जागृति सेवा समिति भानुप्रतापपुर और प्रो. दीपेश चोपड़ा द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय राज्य स्तरीय संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता का शुभारंभ 19 दिसंबर को विधिवत दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

प्रतिदिन 10 बजे मनासगान प्रारंभ होगा, जिसमे राज्य के मानस मंडलियों द्वारा अपनी प्रस्तुति देंगे। मानसगान प्रतियोगिता में 20 दिसंबर को सुबह 10 बजे प्रारंभ हुआ और संकीर्तन चंद्रहास साहू राजिम और कलाझांकी अहिल्या उद्धार कि प्रस्तुति हुई। 21 और 22 दिसंबर को दोपहर 2 बजे छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कथावाचक कामता प्रसाद कूडेरादादरा शरण का आगमन होगा, जो इस भक्तिमय कार्यक्रम में अपने हास्य प्रसंग कथा के साथ धर्म के प्रति जागृत करेंगे। शाम 7 बजे शिव विवाह पेंडारवानी द्वारा प्रस्तुत जाएगा। 22 दिसंबर शाम को संध्या भजन के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

# यूथ व इको क्लब के क्रियान्वयन के लिए दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर



समग्र शिक्षा एंव प्रथम एजूकेशन फाउण्डेशन संस्था द्वारा ब्लाक नरहरपुर के सभी माध्यमिक विद्यालय में पर्यावरण सुरक्षा एंव स्वच्छता के लिए गठित युथ एंव इकोक्लब के सफल क्रियान्वयन के लिए नोडल शिक्षको का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 एंव 17 दिसम्बर को साहू सदन नरहरपुर में आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण दो उद्देश्य पर आधारित रहा, जिसमें प्रथम दिन जमीन प्लास्टिक साक्षरता तथा द्वितीय दिवस पोषण वाटिका पर प्रशिक्षण दिया गया।

आयोजित प्रशिक्षण में जमीन के प्लास्टिक साक्षरता के अंतर्गत प्लास्टिक से समुद्री जीव जंतु पर दुष्प्रभाव, इनके अत्यधिक उपयोग या जलाने से हमारे पर्यावरण तथा स्वास्थ्य जीवन पर हानिकारक प्रभाव, प्लास्टिक के प्रकार तथा इनके अपशिष्ट संग्रह एंव सुरक्षित निपटान इत्यादि के बारे मे मास्टर ट्रेनरो द्वारा विस्तार से बताया गया। प्लास्टिक जो आज हमारे पृथ्वी तथा जैव समुदायों के लिए भयावह समस्या बन गया है इनके निदान के लिए हम इनका उपयोग कम से कम करे, पुनःउपयोग करे तथा पुनःचक्रण करे। द्वितीय दिवस पोषण वाटिका के अंतर्गत बच्चो एंव समुदायों में जागरूकता लाने रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव को देखते हुए पर्यावरण अनुकूल स्कूलों में पोषण वाटिका का निर्माण, इनके लाभ तथा जैविक फसल सुरक्षा गतिविधि के अंतर्गत बीजामृत, जीवामृत एंव नीमार्क बनाने के विधि तथा उपयोग कब और कैसे करना है इत्यादि महत्वपूर्ण बिन्दु को प्रत्यक्ष रूप से क्रियाकलाप करके समझाया गया। सभी स्कूलों में 11 सप्ताह तक इन सभी गतिविधियों को बच्चों द्वारा कराके 12वे सप्ताह मे पालको, शाला विकास समिति तथा जन समुदाय को साथ लेकर प्रचार-प्रसार के साथ जमीन मेला का आयोजन करेंगे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में खण्ड शिक्षा अधिकारी केके साहू, बीआरसी भूपेन्द्र गंगबेर एंव मास्टर ट्रेनर तुलसी शोरी, कुंदन साहू, सियाराम निषाद, जितेन्द्र ध्रुव, पुरुषोत्तम जैन तथा चन्दहास सिन्हा का योगदान रहा।

# पैराडाइज स्कूल के छात्रों ने किया पोस्ट ऑफिस भ्रमण, डाक सामग्री के बारे में मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल सीबीएसई के कक्षा तीसरी के छात्र-छात्राओं ने अपने ईवीएस सब्जेक्ट के अंतर्गत जिला के मुख्य डाकघर में डाक टिकट, पोस्ट कार्ड, अंतर्देशीय पत्र, लिफाफा, पर्सल, मनी ऑर्डर, रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट एवं लेटर पोस्ट तथा अन्य डाक सामग्री के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त किया।

कांकेर जिला के मुख्य डाकघर का कक्षा तीसरी के छात्र-छात्राओं ने अवलोकन के साथ-साथ लेटर लिखने के बाद पोस्ट किस प्रकार किया जाता है, उसमें पिन कोड नम्बर का क्या महत्व होता है, डाक टिकट का उपयोग, पर्सल किस तरह पेक किया जाता, उसे किस तरह पोस्ट के द्वारा भेजा जाता, मनी ऑर्डर किस तरह किया जाता है, स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री पोस्ट इन सब के बारे में व्यवहारिक एवं प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त किया। पैराडाइज स्कूल के छात्र-छात्राओं ने दैनिक जीवन के कार्य में आने वाले डाक से संबंधित विभिन्न चीजो का अवलोकन कर अपनी जिज्ञासा को शांत करते हुये अपने सब्जेक्ट का और अधिक ज्ञान लाभ प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक नवीन चीजों का ज्ञान प्राप्त किया। सभी छात्र-छात्राओं ने इस शैक्षणिक भ्रमण के द्वारा अपने इस विषय का प्रोजेक्ट तैयार करेगे।

मुख्य डाकघर के समस्त कार्मचारियों ने बहुत की सरल तरीके से सभी छात्र-छात्राओं को उनका उत्साह बढ़ाते हुए प्रत्येक डाक सामग्री का अच्छी तरह से जानकारी प्रदान कर सम्पूर्ण काउंटर का भ्रमण कराया गया, जिसमें बच्चों ने अत्याधिक रूची दिखाई एवं सभी स्टाफ एवं कार्मचारियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस शैक्षणिक भ्रमण को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, प्रभारी शिक्षक सुचिस्मिता खान, रामेश्वरी साहू, शांति लीना नेताम, यमुना बिलोधिया, बस चालक रंजीत नेताम, हमीद खान एवं परिचालक लोकेश शोरी का योगदान रहा।

### तीन दिवसीय राज्य मानसगान स्पर्धा 3 से

**धनेलीकन्हार।** विकासखण्ड कांकेर के धनेलीकन्हार के ग्राम मरकाटोला फतेचंद में त्रिदिवसीय राज्य स्तरीय मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन 3 जनवरी से आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के 22 ख्याति प्राप्त मानस मंडलिया भाग लेगी। आयोजन को लेकर बुधवार को ग्राम पंचायत प्रांगण में मानस गान समिति के सदस्यों व पदाधिकारियों की बैठक समिति अध्यक्ष चमन यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। आयोजित बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि पुर्व की भांति इस वर्ष भी आयोजन समिति यथावत रहेगी, जिसके अनुसार अध्यक्ष चमन यादव, उपाध्यक्ष लक्षण नेताम, मणिशंकर सिन्हा, संयोजक मुक्तेश्वर सिंह ठाकुर, शांता ठाकुर, मनीष पांडेय, संरक्षक डॉ माखन गंजीर, सूबे सिंह धुर्वा, सह संरक्षक जागेश नाग, भीकेश्वर गंगराले, सचिव मनीष साहू, कोषाध्यक वीरेश गंजीर, महिला संयोजक ग्राम सरपंच गायत्री धुर्वा, सुभीय नाग, बुद्धों नेताम, घसिया राम हिचामी, राजाराम गंजीर, राज कुमार चालकी, नरोतम गंजीर, रतन भूआर्य, निर्णायक समिति नरेंद्र दीपक, शिव नारायण हिरवानी, राम गुलाब पटेल है। इस अवसर पर उपसरपंच नारद साहू, देवेंद्र साहू, बिशाली राम सिन्हा, संदीप जैन, नरोतम टंडीया, किरण दीपक, सुभीया नाग, द्रोपति साहू, हेमलता यादव, देवबती साहू, सुकमा चिराम, सकून बाई वट्टी, मीना सोनवानी व समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे।







# आत्मानंद स्कूल के छात्र अनुज ने दिया इमानदारी की मिसाल



**कोयलीबेड़ा।** जिले के ब्लाक मुख्यालय कोयलीबेड़ा में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल के कक्षा सातवीं में पढ़ने वाले अनूज टांडिया ने इमानदारी की मिशाल पेश की है। खेल मैदान में सूबह मार्निंग वाक, रनिंग व गोला फेक आदि के लिए प्रतिदिन लोंगो का आना जाना लगा रहता है। कोयलीबेड़ा निवासी लोकेश कोरेटी भी प्रतिदिन की भांति सूबह अपने मोबाइल को रखकर रनिंग व गोला फेक के नियमित अभ्यास उपरांत अपने घर चले गए, उन्हे याद ही नहीं रहा कि उनका मोबाईल मैदान में छूट गया है। मोबाइल अनूज के नजर में पड़ा व किसी अनजान हाथों में लगने से ही पूर्व सूझबूझ का परिचय देते हुए थाना कोयलीबेड़ा में जमा कर दिया, जिससे लोकेश कोरेटी को मोबाईल बहुत ही जल्द मिल गया। अनूज की ईमानदारी पर प्रभावित होकर लोकेश कोरेटी ने स्कूल पहूंचकर 500 रूपए देकर अनूज को प्रोत्साहित किया। पूर्व में कोयलीबेड़ा एनिकट के पास रूपधर वड्डे के दामाद का मोबाईल शाला के शिक्षक पारख साहू, खुमन साहू व अजय कोसरे को मिला था, जिसे बिना किसी मोलभाव किए जांच-परख के बाद वापस किया गया।







